# मजदूर से व्यवसायी बनीं माचीघाट की प्रियंता महलवंशी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अगर इरादे मजबूत हों तो हालात कभी हार नहीं सकते। यह पंक्ति सटीक बैठती है छिंदवाड़ा जिले के जुन्नारदेव विकासखंड के ग्राम माचीघाट माल की रहने वाली प्रियंता महलवंशी की जिंदगी पर जिन्होंने मजदूरी छोड़ आत्मनिर्भरता की राह चुनी और आज राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हो रही हैं।

गरीब अनुसूचित वर्ग से ताल्लुक रखने वाली प्रियंता महलवंशी की उम्र 42 वर्ष है। ग्राम माचीघाट माल में रहने वाली प्रियंता के परिवार में उनके पति, एक बेटा, एक बेटी और सास रहती हैं। कभी अपने परिवार की रोज़ी-रोटी के लिए मजदूरी पर निर्भर रहने वाली प्रियंता की जिंदगी ने उस समय करवट ली जब वे 15 मार्च 2021 को मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित वैष्णवी स्व-सहायता समूह से जुड़ीं। आज वे इस समूह की अध्यक्ष हैं और उनका सफर संघर्ष से सफलता की ओर बढ़ता गया।

जहाँ उम्मीद की एक किरण जलती है, वहाँ उजाले की पूरी सुबह हो जाती है। यही उजाला लेकर आया उनके जीवन में स्व सहायता समूह।

**आत्मनिर्भरता की ओर पहला कदम**

## वैष्णवी स्व सहायता समूह से जुड़ कर लिया ऋण, खोली दुकान





समूह से जुड़ने से पहले प्रियंता और उनके जैसे अन्य महिलाएं आर्थिक रूप से बेहद कमजोर थीं। काम की तलाश में घर के सदस्य पलायन करते थे। परिवार की देखभाल कठिन होती जा रही थी। लेकिन जैसे ही वैष्णवी स्व-सहायता समूह की नींव पड़ी, मानो जीवन ने एक नया मोड़ ले लिया। समूह के जरिए महिलाओं ने खुद के लिए आजीविका के साधन तलाशे, ट्रेनिंग ली और आर्थिक गतिविधियों में हाथ आजमाया।

**समूह बना सहारा-बढ़ी आमदनी**

प्रियंता ने समूह से जुड़ने के बाद 90,000/- रुपये का ग्राम संगठन से ऋण और 1 लाख रुपये का बैंक ऋण लिया। इस धनराशि से उन्होंने कपड़े की दुकान, जनरल स्टोर, आटा चक्की, अनाज खरीदी, ग्रेडिंग मशीन, तोल कांटा और मनीहारी व्यवसाय की शुरुआत की। उनकी मासिक आमदनी अब 15,000/- रुपये तक पहुंच चुकी है, जो पहले 4500 रुपये से भी कम थी।

**सतपुड़ा प्रोड्यूसर कंपनी से जुड़ाव**

प्रियंता महलवंशी सिर्फ खुद तक सीमित नहीं रहीं। वे सतपुड़ा प्रोड्यूसर कंपनी, छिंदवाड़ा से भी जुड़ीं। उन्होंने कंपनी में 110 शेयर धारकों को जोड़ा और 250 क्विंटल गेहूं की खरीदी करवाई जिससे उन्हें बोनस की पात्रता भी प्राप्त हुई। यह एक ग्रामीण महिला के साहसिक नेतृत्व और व्यवसायिक सोच का अद्भुत उदाहरण है।

**योजनाओं का लाभ और सामाजिक पहचान**

प्रियंता ने लाड़ली बहना योजना, खाद्यान्न सुरक्षा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जैसी योजनाओं का लाभ लिया। आज उन्हें न केवल आर्थिक मजबूती मिली है बल्कि समाज में सम्मान और पहचान भी हासिल हुई है।

## हनुमान मंदिर में गुरु पूजन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** स्थानीय अनगढ़ हनुमान मंदिर में गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर सद्गुरु परिवार के द्वारा आज गुरु पूजन के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया बड़ी संख्या में मंदिर में श्रद्धालुओं का आगमन लगा रहा। कार्यक्रम में सदगुरु परिवार के देश, प्रदेश से साधकगण सम्मिलित हुए सभी गुरुपूजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

प्रात: 6 बजे शक्ति के आराध्य श्री मंगलमूर्ति हनुमान जी का अभिषेक, प्रात: 7:30 बजे से गीता पाठ, प्रात: 9 बजे साधकों की उपस्थिति में गुरु पादुका पूजन परम पूज्य श्री नागेंद्र ब्रह्मचारी जी कर गुरु आरती की गई सुबह से शाम तक महिला मंडलों के द्वारा भजन कार्यक्रम का हुए दिन भर भंडारा प्रसाद का वितरण कर शाम हनुमान जी की आरती हुई जिसमें आसपास के ग्रामीण जन सहित पूरे देश से साधकगण एकत्र हुए।

## सार-समाचार

### जिले में अब तक 416.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 416.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 264.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 10 जुलाई 2025 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 9.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 10 जुलाई 2025 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 0.6, मोहखेड़ में 4.3, तामिया में 20, चौरई में 3.2, हर्रई में 19.6, बिछुआ में 33 और चांद में 65 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 327.4, मोहखेड़ 388.9, तामिया में 436, अमरवाड़ा में 479.2, चौरई में 330.8, हर्रई में 650.1, बिछुआ में 341.6, परासिया में 299.5, जुन्नारदेव में 428.6, चांद में 403.7 और उमरेठ में 505.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। और 10 जुलाई गुरू पूर्णिमा को मौसम पूरा खुला रहा, धूप निकली जिससे गुरू पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मंदिरों में मनाया जा सका।

### करणी सेना छिंदवाड़ा की जिले एवं नगर की कार्यकारणी भंग

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सम्पूर्ण छिंदवाड़ा जिले में करणी सेना परिवार की जिला अध्यक्ष सहित समस्त कार्यकारणी भंग की जाती है। तदाशय की जानकारी देते हुए संभागीय अध्यक्ष करणी सेना परिवार, जबलपुर संभाग अरूण प्रतापसिंह ने बताया कि विगत एक-दो वर्षो से करणी सेना पदाधिकारियों की निष्क्रियता के चलते जिले में करणी सेना का कार्य खड़ा नहीं हो पा रहा तथा नये लोगों को अवसर प्राप्त नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण जिले की समस्त कार्यकारणी को भंग कर विधिवत नई कार्यकारण का विस्तार किया जावेगा। जिसमें उत्साही नव युवकों सर्व समाज के लोगों को जोड़कर चलने वाले युवाओं को अवसर प्रदान किया जावेगा। उन्होंने कहा है कि कोई भी पदाधिकारी करणी सेना परिवार का पूर्व के पद का दुरूप्रयोग न करते हुए संगठन को क्षति पहुंचाने का प्रयास न करें, शीघ्र ही नई कार्यकारणी का विस्तार किया जायेगा।

### चौरसिया समाज ने आराध्य देव डोमनगुरु बाबा की पूजा अर्चना की

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** चौरसिया समाज छिंदवाड़ा एवम् महिला चौरसिया समिति द्वारा गुरु पूर्णिमा के उत्सव पर चौरसिया समाज के आराध्य गुरु देव श्री डोमन गुरु बाबा की पूजा आराधना हवन कर समाज की सुख शांति सम्रद्धि प्रगति की कामना की गई पुलाब और हलुआ का भंडारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष धर्मेंद्र चौरसिया, महिला समिति की अध्यक्ष रक्षा चौरसिया एवं महिला पुरुषों बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।





## नये कनेक्शन देने में विद्युत विभाग कर रहा आनाकानी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. ने नये विद्युत कनेक्शन के लिए आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया का प्रावधान तो किया है जिसके तहत् दावा किया जाता है कि उपभोक्ता घर बैठे आवेदन कर सकता है परंतु हकीकत में बिजली विभाग के दफ्तरों में नये कनेक्शन के लिये मैन्युअली आवेदन देने के लिए दबाव डाला जाता है तथा उपभोक्ताओं को नियमों व अन्य दस्तावेज के नाम प्रताड़ित किया जाता है।

उक्त आशय के आरोप जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से लगाते हुए जिला कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय ने बताया कि विद्युत वितरण कंपनी के नियमानुसार यदि कोई उपभोक्ता नया घरेलू कनेक्शन लेना चाहता है तो उसे केवल चार दस्तावेज मकान का स्वामित्व प्रमाण, आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं टेस्ट रिपोर्ट के साथ आनलाइन आवेदन करना होता है कंपनी के नियमों के मुताबिक़ तीन कार्य दिवस के भीतर बिजली कनेक्शन प्रदाय करना अनिवार्य है।

तय प्रावधानों के विपरीत विभागीय अधिकारी व कर्मचारी कंपनी के नियमों को ताक पर रख कर उपभोक्ताओं को दफ़्तर के चक्कर लगवाकर विधुत कनेक्शन प्रदान करने में आनाकानी करते हैं। श्री उपाध्याय ने आगे बताया कि विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा तय किए गए स्पष्ट नियमों के बाद भी उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ती है। विभागीय अधिकारीगण आनलाइन आवेदन करने से न केवल रोकते है बल्कि अतिरिक्त अनावश्यक दस्तावेज मांग कर प्रक्रिया को जटिल बना देते है जिससे उपभोक्ताओं को दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर लगाने पड़ते हैं।

विधुत विभाग के कर्मचारियों द्वारा नियमों की अनदेखी कर आवेदनों को दबाकर रखा जाता है एवं उपभोक्ताओं को परेशान किया जाता है यह उपभोक्ताओं के अधिकारों का सीधा उल्लघंन है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली मानसिकता का प्रतीक है।

## पीजी कॉलेज में गुरु पूर्णिमा पर कार्यक्रम

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पी.जी. कॉलेज छिंदवाड़ा के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा विभागीय निर्देश के पालन में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजित किया। इस विशेष आयोजन में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। महाविद्यालयीन कार्यक्रम की शुरुआत जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष भारत घई द्वारा दीप प्रज्वलन से की।






इस अवसर पर सदस्य कृपाशंकर सूर्यवंशी, तरुण सोनी, श्रीमती अनिता बरमैया, समीर दुबे, प्रभारी प्राचार्य डॉ. उर्मिला खरपुसे एवम् भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. पी.एन. सनेसर उपस्थित रहे ।

भोपाल से प्रसारित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरु पूर्णिमा पर भारतीय ज्ञान परंपरा को रेखांकित करते हुए गुरुजनों के महत्व पर प्रकाश डाला उन्होंने ऋषी सांदीपनी सहित श्रेष्ठ ऋषि मुनि और गुरुजनों की महिमा का उदाहरण सहित वर्णन किया।

इसके उपरांत जनभागीदारी समिति अध्यक्ष भारत घई ने सभी प्राध्यापको का सम्मान पुष्प वर्षा करके किया उन्होंने उद्बोधन में कहा की गुरु का स्थान जीवन में सर्वोपरि होता है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. खरपुसे ने सभी का स्वागत करते हुए गुरु शिष्य परंपरा की महत्वता को रेखांकित किया और छात्रों को अपने जीवन में गुरुओं के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान बनाए रखने का संदेश दिया। इसी के साथ कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन डॉ. टीकमणी पटवारी ने किया तथा डॉ. पी. एन. सनेसर ने अतिथियों एवं गुरुओं के स्वागत उद्बोधन में कहा कि यह दिन केवल एक आयोजन नहीं बल्कि उस अनमोल और प्राचीन भारतीय परंपरा का प्रतीक है जहां ज्ञान, संस्कार और चरित्र का दीप, एक गुरु अपने शिष्य के मन मस्तिष्क और जीवन में प्रज्वलित करता है।

कार्यक्रम में डॉ लक्ष्मीचंद, डॉ. विनोद माहूरपावर, डॉ. सुशील पटवा, प्रो. महेंद्र साहू, डॉ. सुनामिका उईके सहित समस्त स्टॉफ एवम चंचलेश साहू, भूमिका धुर्वे, संकल्प विश्वकर्मा, अमित बारई एवम् योगेश सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

## छिन्दवाड़ा में होगी ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स की बैठक : महापौर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स की मध्यप्रदेश इकाई की बैठक के लिए मध्यप्रदेश की समस्त नगर निगमों के महापौर छिंदवाड़ा आएंगे। इस संबंध में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता महापौर विक्रम अहके द्वारा निगम सभाकक्ष में आयोजित की गई।




प्रेस वार्ता के दौरान महापौर विक्रम अहके ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम में कल 12 जुलाई को आगंतुक महापौर सिवनी रोड स्थित श्री रामेश्वरधाम में भगवान शिव की प्रतिमा का दर्शन करेंगे। इसके बाद एकॉर्ड होटल में स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया है। दोपहर पश्चात महापौर परिषद की बैठक आयोजित की गई है।

बैठक के बाद नगर निगम के एस.टी.पी. प्लांट एवं सिमरिया स्थित हनुमान मंदिर का भ्रमण महापौर परिषद के द्वारा किया जाएगा जबकि शाम को आदिवासी संग्रहालय का भ्रमण भी किया जाना प्रस्तावित है।

महापौर विक्रम अहके ने बताया कि इसके अगले दिन महापौर परिषद के सदस्य छिंदवाड़ा से तामिया एवं पातालकोट का भ्रमण कर यहां कि औषधीय क्षेत्र की संभावनाओं की जानकारी लेंगे। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न निगमों के महापौर छिंदवाड़ा में रहकर यहां की विकास की संभावनाओं पर भी अपने सुझाव साझा करेंगे।

महापौर श्री अहाके ने बताया कि यह आयोजन छिंदवाड़ा में होना गौरव की बात है एवं इस आयोजन से प्राप्त होने वाले नवीन सुझावों एवं अनुभवों से शहर के विकास की नई संभावनाओं को तलाशा जाएगा। पत्रकार वार्ता के दौरान जिले के प्रिंट एवं इलेट्रॉनिक मीडिया के वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे।

## माध्यमिक शिक्षा मंडल अध्यक्ष पहुंची छिन्दवाड़ा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 10 जुलाई को उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा मूल्यांकन केंद्र में माध्यमिक शिक्षा मंडल के अध्यक्ष स्मृति भारद्वाज का आगमन हुआ साथ में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह का भी उपस्थित रहे।

स्मृति भारद्वाज ने छिंदवाड़ा की उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा की और कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा चलाए जा रहे न जे.ई.ई. एवं नीट मुहिम की बहुत प्रशंसा की। बहुत ही सौम्य स्वभाव की स्मृति भारद्वाज मैडम नितीश भारद्वाज जिन्होंने महाभारत में कृष्ण भगवान का रोल किया था उनकी पत्नी है।



## बच्चे जमीन पर फट्टी बिछाकर पढ़ने को तैयार, पर प्रवेश नहीं दे रहा प्रशासन

### विद्यार्थियों ने सौंपा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छात्र नेताओं ने पी जी कॉलेज पहुंचकर प्राध्यापक को अपनी मांगो को लेकर एक ज्ञापन सौपा और आरोप लगाया कि अच्छे अंक से पास हुए छात्र, छात्राओं को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है जबकि बोरा फट्टी बिछाकर छात्र पढ़ने के लिए तैयार है लेकिन शासन, प्रशासन प्रवेश देने में नाकाम साबित हो रहा है इससे छात्र पढ़ाई से वंचित रह जायेंगे।



ज्ञापन के बाद जारी प्रेस विज्ञप्ति में छात्र नेता ने आरोप लगाते हुए बताया कि आज पी.एम. एक्सीलेंस कॉलेज में सैकड़ों छात्रों को शिक्षा के अधिकार से वंचित किया जा रहा है वजह है सीटों की कमी। सरकार को एक अनुपात तय करना चाहिए ताकि छात्र एवं छात्राएं महाविद्यालय में प्रवेश से वंचित न रहे।

अच्छे नंबरों से प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण होने के बावजूद छात्र छात्राओं को मेरिट सूची से बाहर करने का सीधा अर्थ यह है कि महाविद्यालय में सीटों की भारी कमी है। छात्रों ने बताया कि वह जमीन में फट्टी बिछाकर पढ़ लेगे, उन्हें बस महाविद्यालय में एडमिशन चाहिए। मेरिट सूची जिस प्रकार से तैयार हो रही है उसमें सीटों की कमी साफ नजर आ रही है। प्रतिवर्ष हजारों छात्र सीटों की कमी होने की वजह से शिक्षा से वंचित हो जाते है। परंतु इस और किसी का भी ध्यान नहीं है। शिक्षा के अधिकार का हनन 12 वी कक्षा के बाद जोरो से हो रहा है परन्तु छात्र संगठन ज्ञापन देकर शासन प्रशासन को चेताता है तब जाकर सीटों कि संख्या में वृद्धि को लेकर महाविद्यालय प्रशासन उच्च शिक्षा विभाग को आवेदन तलब करता है

आज इस ज्ञापन में मुख्य रूप से एन.एस.यू.आई. प्रदेश महासचिव अपेक्षा सूर्यवंशी, छात्र नेता अर्पित तिवारी, छात्र नेता अरूण उईके के साथ समस्त छात्र छात्राएं महाविद्यालय में उपस्थित रहे और ज्ञापन के पश्चात निकलते निकलते नारेबाजी भी की और कहा कि सरकार को प्रवेश देना होगा।

# बस आपरेटरों की हड़ताल से श्रद्धालु व आमजन परेशान, टैक्सी वालों ने वसूला तिगुना किराया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रशासन, पुलिस और बस आपरेटरों की तकरार का खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। अपनी मांगों को लेकर बस आपरेटरों ने गुरूवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी, जिसके कारण ऐन गुरू पूर्णिमा के दिन दर्शन के लिए घर से निकले श्रद्धालुओं सहित आमजन को खासी परेशानी हुई।




बसों की हड़ताल के चलते ग्रामीण अंचल सहित अन्य शहर में जाने वाले यात्री वाहन के लिए तरस गए। वहीं टैक्सी संचालकों ने दो से तीन गुना अधिक किराया वसूला। इस मनमानी के सामने यात्री बेबस नजर आए।

बुधवार शाम को बस आपरेटर ने सामूहिक हड़ताल का एलान कर दिया था। बस संचालकों ने बाहर से जिले में बस लाने वाले आपरेटरों से भी सहयोग की अपील की है, हालांकि अभी स्पष्ट नहीं है कि बाहर से बस संचालक बस चलाएंगे या नहीं, लेकिन गुरुवार से बसों का संचालन ठप हो गया।

शहर के बस आपरेटरों ने का कहना है कि शहर में बस स्टापेज तय न होने के बावजूद यातायात विभाग जुर्माना लगा रहा है, जिससे यात्रियों और ऑपरेटरों दोनों को परेशानी हो रही है।

बुधवार को एस.डी.एम. सुधीर जैन की अध्यक्षता में बस आपरेटरों के साथ बैठक हुई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। इसके बाद आपरेटरों ने 10 जुलाई से हड़ताल का फैसला लिया। शहर के भीतर अब तक बसें मुख्य सड़कों पर यात्रियों के इशारे पर रुकती थीं, क्योंकि कोई अधिकृत स्टाप नहीं था। लेकिन हाल ही में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के बाद कलेक्टर के निर्देश पर आरटीओ और ट्रैफिक विभाग ने बस स्टापिंग पर जुर्माना लगाना शुरू कर दिया। आपरेटरों का तर्क है कि जब तक अधिकृत स्टाप तय नहीं होता, तब तक जुर्माना अनुचित है।

गुरुपूर्णिमा पर्व पर सौंसर के जामसांवली मंदिर, सिमरिया हनुमान मंदिर और रामेश्वरम धाम जैसे धार्मिक स्थलों पर हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए जाते हैं। हड़ताल के चलते भक्तों को आवाजाही में दिक्कत हुई। बस एसोसिएशन के संरक्षक सेवक यादव, राजेश मिगलानी, अजीत पटेल, अमरीश शुक्ला और विमल शर्मा ने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, बसों का संचालन बंद रहेगा ।

बस आपरेटरों की मांगें

# कलेक्टर ने की स्कूल शिक्षा विभाग और जनजातीय कार्य विभाग की गतिविधियों की समीक्षा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल, प्रभारी सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग उमेश सातनकर, डीपीसी जगदीश इड़पाचे, सहायक संचालक शिक्षा सहित जिले के समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, एपीसी एवं बीआरसीसी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में लगातार सुधरते शिक्षा के स्तर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी अधिकारियों एवं शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि प्राप्त परिणाम इस बात का प्रमाण हैं कि जिले में शिक्षा की गुणवत्ता निरंतर ऊँचाइयों की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि शिक्षकों और विद्यार्थियों की संयुक्त मेहनत का परिणाम है, जो दर्शाता है कि जिले में अद्वितीय शिक्षण क्षमता मौजूद है। उन्होंने सभी को निरंतर परिश्रम करते रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बच्चों की काउंसलिंग पर विशेष बल देते हुए शिक्षकों को जिला स्तरीय प्रशिक्षणों में सहभागिता हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए जिससे शैक्षणिक गुणवत्ता और सुदृढ़ हो सके।

बैठक के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि बेहतर परीक्षा परिणामों के कारण अब निजी विद्यालयों के छात्र भी शासकीय विद्यालयों की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

## सार समाचार

### खजरी आश्रम में मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** संस्कृत पुस्तकोउन्नति सभा द्वारा संचालित आश्रम खजरी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया । सुबह से ही साधक भक्तों का तांता लगा रहा। दिन भर कई दैवीय कार्य सम्पन्न हुए जिसमें 11 बजे श्री चरण पादुका पूजन, 12 बजे श्री आशारामायण पाठ और श्री गुरूगीता पाठ सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई ने बताया कि गुरु पूर्णिमा को व्यासपूर्णिमा भी कहतें हैं। आज भगवान वेदव्यास जी का जन्म हुआ था। भगवान श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण जब इस पृथ्वी पर आये थे तो उन्हें भी गुरु की शरण लेनी पड़ी। सद्गुरु ही हमें मोक्ष का आत्मज्ञान का रास्ता दिखाते हैं। मनुष्य को ब्रह्मज्ञानी गुरु की शरण लेना चाहिए। भगवान भी जिसकी शरण लेते है वो गुरु होते है। इसलिए गुरुपूर्णिमा गुरु को कुछ अर्पण करने का दिन होता है। क्योंकि वर्ष भर गुरु हमें देते ही हैं। गुरु के जैसा हितैषी पूरी सृष्टि में कोई नहीं है। गुरुपूर्णिमा के दिन देवता भी गुरु बृहस्पति का पूजन करते है। स्वयं भगवान और देवगण भी ब्रह्मज्ञानी सद्गुरु का पूजन करते है ऐसी गुरुपूर्णिमा की महानता है। हम लोगों ने 20 क्विंटल सोजी का हलवा आम श्रद्धालु भक्तों के लिए और दूर दराज से आये साधकों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई थी।

कल 10 जुलाई को ऋषि प्रसाद जयंती भी मनाई गई जिससे सैकड़ों ऋषि प्रसाद सेवाधारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 39 हजार लोगों के लाभांवित होने की खबर है। इस प्रकार की सेवाएं देशभर में स्थिति पूज्य बापूजी के 551 आश्रमों में सम्पन्न हुई। जहाँ करोड़ों-करोड़ों साधकों ने नजदीकी आश्रम जाकर गुरुपूर्णिमा महोत्सव मनाया। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार गुरुकुल में भी दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास मनाया गया। इस दैवीय कार्य मे खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई, समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई, एम.आर. पराड़कर आदि ने अपनी सेवाएं दी। समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया जिन्होंने पूरी मुस्तैदी से यातायात व्यवस्था देखी।

### टेंडर के दस्तावेज ही नहीं है नियुक्तियां करने लगा ठेकेदार

**परासिया, देशबन्धु।** सिविल अस्पताल में गुरुवार को रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अस्पताल की व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई। अस्पताल में उपलब्ध सेवाओं की समीक्षा की गई। अस्पताल की कमियों पर चर्चा कर उसे दूर करने को लेकर रूपरेखा बनाई गई। इस बैठक में आउटसोर्स से कर्मचारी नियुक्त करने का मामला उठा। विधायक ने टेंडर के दस्तावेज मांगे। टेंडर के दस्तावेज़ अस्पताल में नहीं पहुंचे। बिना टेंडर दस्तावेज के ठेकेदार नियुक्ति कैसे करने लगा इस पर विधायक चौहान वाल्मीकि ने सवाल उठाए।

बैठक में हॉस्पिटल मैनेजमेंट अधिकारी ने बताया की छिंदवाड़ा से लगातार टेंडर के दस्तावेज मांगे जा रहे हैं लेकिन दस्तावेज प्रदान नहीं किए गए। विधायक सोहन वाल्मीकि ने कहा कि पारदर्शिता से नियुक्ति की जाए। बिना उनके अनुमोदम के नियुक्ति न हो। अस्पताल में उपकरण, सुविधाएं, जनरेटर, बिजली आदि को लेकर प्रस्ताव लिए गए। नए कमरे, अतिक्रमण हटाने, बाउंड्री मरचुरी, डीप फ्रीजर को लेकर प्रस्ताव लिए गए। विधायक ने कहा कि डीप फ्रीजर के लिए विधायक निधि से राशि देंगे। कुछ राशि जन सहयोग से जुटाएंगे।

बैठक में विधायक सोहन वाल्मीक, जनपद पंचायत अध्यक्ष आशा अशोक आम्रवंशी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जमील खान, एसडीएम पुष्पेंद्र निगम, जनपद पंचायत की सीईओ मोनिका झारिया, बीएमओ डॉ. शशि अतुलकर, डॉ. प्रवीण सोनी, डॉ. पीयूष सिंग, सदस्य अकबर खान, अम्बर चौरसिया, महिला बाल विकास विभाग से मोनिका उइके, पीडब्ल्यूडी से अनुराधा बेलवंशी, हॉस्पिटल मैनेजमेंट अधिकारी अलका इन्दौरकर, बीपीएम अनूप साहू, बीईई रजनीश साहू, रंजना उइके, विनय सदानंद उपस्थित रहे।

# डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए शहर के वार्डो में चलाया गया अभियान, लार्वा नष्ट किया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** डेंगू की रोकथाम व नियंत्रण के लिए शहरी क्षेत्र छिंदवाड़ा के वार्ड नंम्बर 15 राजेंद्र नगर वार्ड में 3 दलों द्वारा 125 घरों में लार्वा सर्वे किया गया व 12 घरों में पाए लार्वा को लार्वानाशक दवाई डालकर खाली कराकर नष्ट कराया गया। साथ ही जनसमुदाय से अपील है की गई कि वे अपने घर के सभी पानी के कंटेनर, कूलर, फ्रिज, टांके, टंकिया, टायर को प्रति सप्ताह जांच ले की एडीज मच्छर के लार्वा तो नही पनप रहा है व खाली कर सफाई कर दे।

पानी के बड़े कंटेनर जिनकी सफाई व ढांकना संभव न हो तो उनमें मीठा तेल प्रति सप्ताह डालें। मच्छरों के काटने से स्वयं बचाव करे, पूरे शरीर ढकने वाले कपड़े पहने, दिन के समय बच्चों व वृद्धों को मच्छरदानी के अंदर सोने की सलाह दी जावे, मॉस्किटो कॉइल का उपयोग करे, शाम के समय नीम पत्तियों का धुआं करे।

इसके अलावा यदि तेज बुखार, आंखों के पीछे दर्द, शरीर पर चकत्ते, मांसपेशियों में दर्द, जोड़ो में दर्द, नाक व मसूड़ों से रक्तस्राव होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क कर डेंगू की जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा मेडिकल संस्थान में डेंगू एलिसा टेस्ट निःशुल्क कराए।

इस प्रकार जिले में डेंगू के संचरण के प्रसार को समाप्त एवं कम करने में सहयोग करने की अपील की गई है ताकि इस रोग से कोई भी व्यक्ति ग्रसित न हो और यदि कोई बीमार होता है तो उसे तत्काल उपचार मिल सके।

# आधार फाउंडेशन ने मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

## दिव्यांग बच्चों की प्रस्तुति ने जीता सभी का दिल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा के शुभ दिन दिव्यांगजनों की सेवा में समर्पित एवं राष्ट्रीय पुरस्कार केबिन केयर एबिलिटी अवार्ड से सम्मानित संस्था आधार फाउंडेशन, पोआमा, छिंदवाड़ा में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व बहुत ही धूमधाम एवं हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया।



इस अवसर पर संस्था में शिक्षण व प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बौद्धिक एवं विकासात्मक दिव्यांगताओ से ग्रसित दिव्यांगजनों ने अतिथियों सहित अपने शिक्षकों एवं प्रशिक्षकों का सम्मान, स्वागत, वंदन व अभिनंदन कर किया।

कार्यक्रमों के मुख्य अतिथि के रूप में सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन, विशिष्ट अतिथि टीना प्रतीक राजपूत उपस्थित रहीं, उन्होंने दिव्यांग बच्चों को खेल सामग्री, फुटबॉल, सुप्रीम भेंट की ओर दिव्यांग बच्चों के साथ नृत्यगान कर सभी को स्वल्पाहार कराया।

कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक पौधा मां के नाम लगाकर छिंदवाड़ा को स्वच्छ-स्वस्थ एवं सुंदर बनाने, अपने-अपने पूज्य माता-पिता एवं गुरुजनों की सेवा करने का संकल्प लिया। अतिथियों का दिव्यांग बच्चों के साथ आधार फाउंडेशन के संस्थापक एवं सक्षम के जिला अध्यक्ष इंजी. महेश किन्थ ने शॉल, श्रीफल और तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मान किया।

सफल आयोजन के लिए आधार फाउंडेशन की अध्यक्ष एवं संचालिका सरिता विलासराव पांडे ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में बिंदु यादव, सुमित्रा पवार, ममता कुमरे, अर्पणा भारत, मीना सरेयाम, अनीता भलावी, शकुंतला वर्मा, सोनाली पवार, उषा डेहरिया, अशोक धाकड़े, अवनीश गौतम, रीना सरयाम, ओमप्रकाश ओकटे, नीलम गौतम, ज्योति चौकसे का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# पिछड़ा वर्ग समुदाय की मांगों को लेकर ओबीसी महासभा ने सौंपा ज्ञापन




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष लोधी विपिन वर्मा ने बताया कि ओबीसी महासभा एक गैर राजनीतिक संगठन हैं। जो देश की 50 प्रतिशत जनसंख्या में निवासरत अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी वर्ग को संवैधानिक रूप से हक एवं अधिकारों के लिये संघर्षरत है।

ओबीसी जिसकी जनसंख्या के आंकड़े बिट्रिश शासनकाल में सन् 1931 में प्रकाशित किये गये है किन्तु आजाद भारत के इतिहास में आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आजादी के महोत्सव के बाद भी संवैधानिक रूप से जनसंख्या अनुपात में प्रतिनिधित्व ना मिलने से आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से वंचित पिछड़े वर्ग के नौजवान, युवक, युवती, प्रभुत्वजनों व नारी शक्ति के संघर्ष और आंदोलन से मजबूर होकर सरकार के द्वारा जातिगत जनगणना की घोषणा तो कर दी गयी किन्तु इसके विपरीत मध्यप्रदेश सरकार ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत का लाभ नहीं दे रही है जबकि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा संवैधानिक आरक्षण लागू करने की कोई रोक नहीं है।

ओबीसी महासभा ने देश के प्रधानमंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री एवं ओबीसी आयोग के अध्यक्ष को निम्न बिंदुओं का ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि- केन्द्र सरकार के द्वारा 2025 में भारत में जनगणना करने की घोषणा की है जिसमें जनगणना के साथ जातिगत जनगणना कराई जाए, ओबीसी वर्ग के लिये मध्यप्रदेश में 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जावे, प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी नौकरी में 13 प्रतिशत होल्ड ओबीसी आरक्षण को हटाकर ओबीसी अभ्यर्थियों की शीघ्र नियुक्ति किये जाने को लेकर 3 सूत्रीय मांगे को ज्ञापन कल 10 जुलाई 2025 को रैली के माध्यम से जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय छिन्दवाड़ा में पहुंचकर कलेक्टर के माध्यम से सौंपा।

इस अवसर पर ओबीसी महासभा एवं जयभीम सेना संगठन लोधी विपिन वर्मा, ओबीसी महासभा जिलाध्यक्ष शिवम् पहाड़े, जयभीम सेना से एड. पवन वर्मा, गणपत यदुवंशी, दीपक वर्मा, नंदकिशोर बेलवंशी, कुंजबिहारी पाठकर, राजकुमार खडसे, अनुज वानखेड़े, राधेश्याम सोलंकी, रामनाथ सोलंकी, नीरज घोरसे, अंकिता सूर्यवंशी, पूजा देशमुख, तनु पटेल, अंकुश साहू, दिनेश इवनाती, पप्पू मण्डराह, पंचम अमरोदे, किशोर वंशकार, बबलू कनोजिया, मेहताब डोले, अजय करोलिया, सुजीत पहाड़े, विकास सातनकर, महेन्द्र खातरकर, सुरेश डोंगरे, चिन्टू अहरवार, किशोर पवार, धनराज पाटसकर एवं चयनित अभ्यर्थियों सहित ओ.बी.सी. महासभा एवं जयभीम सेना व अन्य सामाजिक संगठन के साथी उपस्थित रहे ।

# सांसद ने खंडवा एवं जामसांवली में की पूजा अर्चना

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद ने खंडवा और जामसांवली मंदिर में माथा टेककर पूजा अर्चना कर जिलेवासियों के लिए सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

गूरूपूर्णिमा के शुभ अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने दादाजी धुनीवाले दरबार खंडवा और चमत्कारिक हनुमान मंदिर जामसांवली में विधि-विधान से पूजा अर्चना करते हुए जिलेवासियों के लिए सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। हिंदु पंचांग के अनुसार आषाढ़ माह की पूर्णिमा तिथि के अवसर पर जिले भर में गूरू पूर्णिमा के कार्यक्रम आयोजित किये गये।

सांसद साहू ने दादाजी धुनीवाले दरबार खंडवा में 8 जुलाई को अपने परिवार और दादा भक्त पदयात्रियों के साथ निशान अर्पित करते हुए विधि-विधान से पूजा अर्चना की थी। सांसद श्री साहू ने गत 9 जुलाई को खंडवा में दादाजी धुनीवाले दरबार में दादाजी की आरती करते हुए विधि-विधान से पूजा अर्चना करते हुए दादाजी धुनीवाले दरबार में स्थित अग्निकुण्ड में नारियलों की आहुती दी गई। गुरूपूर्णिमा के अवसर पर दादाजी धूनीवाले दरबार खण्डवा में लाखों श्रद्धालुओं ने दरबार में अर्जी लगाते हुये पूजन अर्चन किया गया।

गुरूपूर्णिमा के अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने जिले के समस्त गुरूजनों को गुरूपूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुये कहा है कि गुरु पूर्णिमा का दिन हमें इस बात की सीख देता है कि जीवन में गुरु का महत्व ईश्वर से भी ऊपर है। इसलिए कबीर दास जी ने अपने दोहे में लिखते हैं-

गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागूं पांव,
बलिहारी गुरु आपने, गोविंद दियो बताय।।

सांसद श्री साहू ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार आषाढ़ माह की पूर्णिमा तिथि को गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। यह दिन गुरु की महिमा और जीवन में उनकी भूमिका के लिए कृतज्ञता जाहिर करने के लिए खास माना गया है। हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार इस दिन महर्षि वेदव्यास जी का जन्म हुआ था। इसलिए गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है।

मैं गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अपने समस्त गुरुजनों के प्रति आभार प्रकट करते हुये आशा करता हुँ कि उनका आशीर्वाद मुझ पर एवं समस्त जिलेवासियों पर बना रहेगा। गुरूपूर्णिमा के अवसर पर सांसद श्री साहू ने चमत्कारिक हनुमान मंदिर जामसांवली में भी विधि-विधान से पूजा अर्चना करते हुए जिलेवासियों के लिए सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की है।

